दबंगई | पीड़ित ने एसपी व थाना प्रभारी से की एफआईआर दर्ज कराने और रास्ता खुलवाने की मांग

# लोन लेकर दुकान चला रहे गरीब की रोजी-रोटी पर गहराया संकट



**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** नगर परिषद मझौली में दबंगई और कानून को ताक पर रखकर एक गरीब दुकानदार की रोजी-रोटी छीनने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मझौली-गुबरा रोड स्थित तालाब किनारे 20 वर्षों से चाय-नाश्ते की दुकान चला रहे एक गरीब व्यवसायी के सामने रातों-रात टीन शेड की दीवार खड़ी कर उसका रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया।

पीड़ित व्यवसायी ने पुलिस अधीक्षक (जबलपुर) और थाना प्रभारी (मझौली) को लिखित शिकायत सौंपकर एफआईआर दर्ज करने और दुकान तुरंत खुलवाने की गुहार लगाई है।

## पीड़ित ने ले रखा है लोन

जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 2 निवासी कुंजबिहारी सोनी (पिता रामचरण सोनी) मझौली के खसरा नंबर 377 स्थित शासकीय भूमि पर लगभग 20 सालों से दुकान संचालित कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने अपनी दुकान को व्यवस्थित करने के लिए केंद्र सरकार की 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' से बैंक ऋण भी ले रखा है।

## रातों रात टीन शेड ठोंक कर रास्ता किया बंद

पीड़ित का आरोप है कि 16 और 17 जुलाई की दरमियानी रात, जब वे दुकान बंद कर घर चले गए थे, तब अनावेदक प्रमोद जैन, प्रशांत कुमार जैन एवं प्रसन्न कुमार जैन (तीनों निवासी वार्ड नं. 09, मझौली) ने एकराय होकर दुकान के ठीक सामने गड्ढा खोदकर टीन शेड की दीवार खड़ी कर दी। सुबह जब पीड़ित दुकान खोलने पहुंचा, तो दुकान पूरी तरह बंद देखकर भौचक रह गया।

## सवाल पूछने पर अभद्रता कर दी धमकी

पीड़ित कुंजबिहारी ने बताया कि आसपास के लोगों से जानकारी मिलने के बाद जब उन्होंने अनावेदकों से विनीत भाव से टीन शेड हटाने की बात कही, तो वे आगबबूला हो गए। अनावेदकों ने अशोभनीय और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए स्पष्ट शब्दों में धमकी दी कि 'यह जमीन हमारी है, हम जो चाहे करेंगे।

## खसरे में दर्ज है सड़क

मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि जिस भूमि पर कब्जा कर टीन शेड लगाया गया है, वह पूरी तरह से शासकीय मद की है। बताया जाता है कि आवेदन के साथ संलग्न मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (2026-2027) के शासकीय खसरा अभिलेख के अनुसार, खसरा नंबर 377 (5) की 1.9300 हेक्टेयर भूमि सरकारी/सड़क के नाम दर्ज है।पीड़ित का गंभीर आरोप है कि अनावेदकगण शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा जमाकर आसपास के अन्य दुकानदारों से मनमाना किराया वसूलते हैं और रंजिशवश उनकी दुकान को निशाना बनाकर बंद कराया गया है।

### प्रशासन की कार्यशैली पर उठे सवाल

शासकीय सड़क की भूमि पर इस तरह रातों-रात अतिक्रमण कर दुकान बंद करा देने की घटना से स्थानीय व्यापारियों और आम जनता में गहरा आक्रोश है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग पर टिकी हैं कि क्या एक गरीब की फरियाद पर त्वरित कार्रवाई कर दबंगों के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाएगा या पीड़ित को न्याय के लिए भटकना पड़ेगा?

### इनका कहना है



मैं बेहद गरीब और मजदूर वर्ग का व्यक्ति हूँ। पीएम स्वनिधि का कर्ज चुकाना है और दुकान ही मेरे परिवार का एकमात्र सहारा है। दबंगों की इस हरकत से मेरी रोजी-रोटी छिन गई है। पुलिस-प्रशासन से निवेदन है कि दोषियों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर टीन शेड हटवाया जाए।

**कुंजबिहारी सोनी, पीड़ित व्यवसायी**

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

**डिंडोरी, नवभारत 30 जुलाई।** जिला मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर ग्राम घानाघाट में गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से 62 वर्षीय वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया, हालांकि समनापुर तिराहे के पास कार खराब होने पर वह उसे छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने वाहन जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम धनुआसागर निवासी मीराबाई राठौर (62) गुरुवार शाम करीब 6 बजे ऑटो से अपनी पुत्री से मिलने घानाघाट जा रही थीं।

**ऑटो से उतरने के बाद सड़क पार कर रही थी**-बताया जाता है कि ऑटो से उतरने के बाद जैसे ही वह सड़क पार कर रही थीं, तभी अमरकंटक की ओर से तेज गति से आ रही एक महिंद्रा कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर



इतनी भीषण थी कि मीराबाई की मौके पर ही मौत हो गई।

**क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल**-घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने घानाघाट क्षेत्र में गति नियंत्रण के प्रभावी उपाय, चेतावनी संकेतक एवं लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आरोपी चालक पर हिट एंड रन सहित संबंधित धाराओं में सख्त कार्रवाई किए जाने की भी मांग उठाई है।

# शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं : पटेल

**विकासखण्ड स्तरीय प्रस्फुटन शक्ति संचय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**



**पनागर, नवभारत।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पनागर द्वारा शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में शिवनारायण पटेल प्रदेश सलाहकार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, रवि प्रसाद बर्मन संभाग समन्वयक जबलपुर, घनश्याम रायपुरिया जिला समन्वयक जबलपुर, भारत महरोलिया समन्वयक पनागर की उपस्थिति में विकासखण्ड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर आमजन को सम्बोधित करते हुए शिवनारायण पटेल ने कहा कि शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक ले जाने में प्रस्फुटन समितियां अच्छी भूमिका का निर्वहन करें, वह ग्रामों में निरंतर संपर्क बनाएं, प्रत्येक सेक्टर में एक आदर्श ग्राम उसी ग्राम में संस्कार केंद्र, वाचनालय नर्सरी की स्थापना सहित गौ सुरक्षा से जनसुरक्षा अभियान का आयोजन की अपील की। इस मौके पर रवि प्रसाद बर्मन संभाग समन्वयक द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को हरियाली यात्रा नवांकुर सखी, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करने, तिरंगा यात्रा के आयोजन की जानकारी दी वहीं घनश्याम रायपुरिया द्वारा बारह अगस्त तक स्वैच्छिकता पर्व आयोजन के विषय में जानकारी दी तथा भारत महरोलिया पनागर द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं उदेश्यों को सभी को बताया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अधिकारियों ने भी अपने विभाग की योजनाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों को जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम का संचालन सुमित यादव नवांकुर संस्था के द्वारा किया गया। आभार पारस दाहिया नवांकुर संस्था के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में धर्मेंद्र कुशवाहा, अजय पटेल, मेंटर्स सुशील सेन, मनोज प्रजापति, पार्वती लोधी, रवि बोहत, सतेंद्र यादव के साथ सभी प्रस्फुटन समितियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न की गई।

# मिलिट्री स्टेशन के दौरे पर पहुंचे सेंट्रल कमांड के कमांडिंग-इन-चीफ

**नवभारत, जबलपुर।** सेंट्रल कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने जबलपुर मिलिट्री स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल सेनगुप्ता को क्षेत्र की ऑपरेशनल तैयारी, प्रशासनिक मामलों, बुनियादी ढाँचे, मानवीय सहायता और आपदा राहत तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सेनगुप्ता ने सेंट्रल ऑर्डनेंस डिपो (सीओडी) का दौरा कर स्मॉल आर्म्स सब-डिपो और ट्रेनिंग व टेक्निकल यूनिट्स की जानकारी ली। सेनगुप्ता ने जम्मू-कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में चल रही कॉम्बैट गतिविधियों का जायज़ा लिया और अग्निवीरों से बातचीत की।




### विभिन्न सैन्य केंद्रों की गतिविधियों का लिया जायजा

इस दौरान सेनगुप्ता ने मिलिट्री कॉलेज ऑफ़ मैटेरियल मैनेजमेंट (एमसीएमएम) का दौरा कर लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट व नवनिर्मित ड्रोन-बेस्ड ऑपरेशनल सपोर्ट क्षमताओं का निरीक्षण किया। एमसीएमएम में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने युद्ध में लॉजिस्टिक्स के महत्व पर जोर दिया और नेशनल लॉजिस्टिक्स ग्रिड व डिफेंस कॉरिडोर के साथ इसके एकीकरण की सराहना की। उन्होंने मध्य भारत एरिया के सभी प्रतिष्ठानों के प्रोफेशनलिज़्म, तकनीकी इनोवेशन और तैयारी का जायज़ा लिया। सेनगुप्ता ने सैनिकों से लड़ाई के कौशल, शारीरिक फ़िटनेस का सबसे ऊँचा स्टैंडर्ड बनाए रखने को कहा और सभी रैंक के जवानों की हौसला अफ़ज़ाई की।

# संत रविदास के विचारों को आत्मसात करने का किया आह्वान

**पनागर में समरसता संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित**




**जबलपुर, पनागर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पनागर द्वारा समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बीते बुधवार को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पनागर विधायक सुशील तिवारी 'इंदु भैया' के मार्गदर्शन में संत गुरु रविदास मंदिर, सुभाष वार्ड पनागर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने संत गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त कर समरसता का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा एवं गोवर्धन खेटपाल, मंडल महामंत्री अनिल वंशकार, मंडल उपाध्यक्ष राजगुरु बर्मन, पार्षद राजेश तिवारी, मुकेश वंशकार एवं राजकुमार वंशकार, बूथ अध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व पार्षद मुकेश चौधरी, विमलेश चौधरी, पारस दाहिया, नारायण दाहिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समरसता, एकता एवं सद्भावना को बढ़ावा देना रहा। उपस्थित वक्ताओं ने संत रविदास के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

# जन समस्याओं को लेकर निकाली गई जन आक्रोश रैली

**मझगवां में विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन**




**सिहोरा, नवभारत।** क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर छात्रों, युवाओं, किसानों एवं आमजनता ने एकजुट होकर जन आक्रोश रैली निकाली। यह रैली ओबीसी जिलाध्यक्ष जबलपुर जितेन्द्र कुमार कुर्मी के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं किसान शामिल हुए।

रैली बस स्टैंड मझगवां तक निकाली गई, जिसके पश्चात मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार सिहोरा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

**जल्द समाधान नहीं हुआ तो तेज होगा आंदोलन**-ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि दिल्ली में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। पेट्रोल-डीजल में 20% एथनॉल मिलाने का निर्णय वापस लिया जाए। मझगवां क्षेत्र में महाविद्यालय, आईटीआई, डीएड एवं बीएड कॉलेज खोले जाएं। समान शिक्षा नीति लागू कर शासकीय संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझगवां को सिविल अस्पताल का दर्जा देकर पर्याप्त डॉक्टर नियुक्त किए जाएं। किसानों को खाद, बीज एवं बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मात्रा प्रति एकड़ 5 क्विंटल निर्धारित की जाए। नहरों का पानी सभी गांवों तक पहुंचाया जाए आदि प्रमुख मांगे शामिल रहीं। रैली में उपस्थित लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान एड. इंद्रकुमार पटेल, नोकेलाल प्रजापति, प्रदीप पटेल, सुनील विश्वकर्मा, संतकुमार पटेल, राजा पटेल, अशोक पटेल, दीपक यादव, राजेश यादव, अमित विश्वकर्मा, छोटे पटेल, रामराज पटेल, संतराम पटेल, डॉ. विनोद पटेल, संतोष राय, रंजीत पटेल, आशीष पटेल, अकलेश पटेल, जितेन्द्र पटेल, अनिल पटेल, कन्हैयालाल जाटव, इमरत लाल नूनिया, शिवशंकर पटेल, विकास काछी, मदन पटेल, शिवप्रसाद पटेल, अनिल दाहिया, संदीप पटेल, मुकेश पटेल, प्रदोष पटेल, अवसर पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, ब्रजेंद्र पटेल, पवन सोनी, विनय पटेल, ओमप्रकाश पटेल, लखन पटेल, बीरेंद्र पटेल, कप्तान गोकुल, मोनू विश्वकर्मा सहित हजारों की संख्या में किसान एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# स्कूल प्रांगण में किया गया फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण

**ग्राम सिमरिया आलासूर में स्वैच्छिकता पर्व' के तहत कार्यक्रम**




**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत संचालित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद (विकासखंड मझौली, जिला जबलपुर) की नवांकुर संस्था 'ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गुरजी' (सेक्टर पोंडा) के तत्वावधान में ग्राम सिमरिया आलासूर में 'स्वैच्छिकता पर्व' के तहत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विकासखंड समन्वयक नूपुर खरे ने स्वैच्छिकता पर्व के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 'यह पर्व 4 जुलाई से 12 अगस्त तक मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, परामर्शदाताओं एवं सीएमसी एलडीपी के विद्यार्थियों की यह जिम्मेदारी है कि वे अपने-अपने गांवों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करें तथा नशामुक्ति और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम के दौरान जोहरी पटेल के नेतृत्व में स्थानीय शासकीय स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का सफल एवं उत्साहपूर्ण मंच संचालन परामर्शदाता नीरज दुबे द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी ग्रामीणों और युवाओं से अपील की कि वे अपने-अपने ग्रामों में 'स्वैच्छिकता पर्व' को उत्साहपूर्वक मनाएं और समाज हित के कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**ये रहे उपस्थिति**-आयोजन में मुख्य रूप से परामर्शदाता मनीष अवस्थी, नीरज दुबे, सचिन तिवारी, सरन पटेल के साथ सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी नंदिनी कुर्मी, दुर्गा पटेल, वंदना पटेल, लाडली राय, गिरजा काछी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में शिक्षक का वीडियो वायरल

**डिंडौरी, नवभारत 30 जुलाई।** जिले के डिंडोरी विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला महावीर टोला, ग्राम कुंडा से एक शिक्षक का कथित रूप से शराब के नशे में होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है, लेकिन मामले ने क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। प्रदेश सरकार एक ओर नशा मुक्ति अभियान पर व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर रही है और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में यदि विद्यालय में पदस्थ शिक्षक के शराब के नशे में होने के आरोप सही साबित होते हैं, तो यह न केवल शिक्षक की जिम्मेदारी पर प्रश्नचिह्न है, बल्कि विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है।


## कार्यालय नगर परिषद् कटंगी, जिला-जबलपुर (म.प्र.)

(Phone and Fax No. 07621-268627, Email : cmokataangijabalpur@mpurban.gov.in)
Website : www.npkatangijbp.com

पत्र क. 1566/ई-टेण्डर/2026-27 | कटनी, दिनांक : 30/07/2026

**तृतीय दुकान ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर परिषद कटंगी जिला-जबलपुर द्वारा निम्न तालिका अनुसार अचल संपत्ति अंतरण नियम 24 फरवरी 2026 तथा संशोधित नियम 04 मई 2021 में दिये गये शर्तों के अनुसार वार्ड नं. 04 में नवनिर्माणधीन प्रथम एवं द्वितीय नीलामी में शेष बची 8 दुकानों तथा एक अन्य दुकान को 30 वर्ष की अवधि के लिये आवंटन हेतु लमसम दर पर ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाता जो वेबसाईट में पंजीकृत है इस निविदा में दरें प्रस्तुत कर सकते है। अंतरण से संबंधित नियम, शर्ते संबंधी जानकारी एवं अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है। आरक्षित दुकान में भाग लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | नीलामी सूचना आमंत्रण क्र. | टेण्डर क्रमांक व जारी दिनांक | दुकान क्र. | क्षेत्रफल वर्ग मी. | दुकानों का वर्ग (आरक्षण) | आरक्षित मूल्य | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | तृतीय आमंत्रण | 2026_UAD_487160_3 31/07/2026 | 12 | 11.50 | अनारक्षित | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |
| 2 | | 2026_UAD_487161_3 31/07/2026 | 13 | 11.50 | अनुसूचित जाति | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |
| 3 | | 2026_UAD_487162_3 31/07/2026 | 14 | 11.50 | अनारक्षित | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |
| 4 | | 2026_UAD_487163_3 31/07/2026 | 15 | 11.50 | अनुसूचित जाति | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |
| 5 | | 2026_UAD_487164_3 31/07/2026 | 16 | 11.50 | अनारक्षित | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |
| 6 | | 2026_UAD_487165_3 31/07/2026 | 17 | 11.50 | अनारक्षित | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |
| 7 | | 2026_UAD_487166_3 31/07/2026 | 18 | 11.50 | अनुसूचित जाति | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |
| 8 | | 2026_UAD_487168_3 31/07/2026 | 20 | 11.50 | अनुसूचित जनजाति | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |
| 9 | | 2026_UAD_466122_3 31/07/2026 | 4 | 15 | अनुसूचित जाति | 630000.00 | 2000.00 15750.00 | 17/08/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

श्री अभिताप साहू
अध्यक्ष, नगर परिषद
कटंगी

श्रीमति स्नेहा मिश्रा
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, कटंगी


आयोजन | आठ दिवसीय सिद्धचक्र विधान का हुआ समापन

# 24 पालकियों में निकली श्रीजी की शोभा यात्रा





**नवभारत, कटंगी, जबलपुर।** आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामण्डल विधान का प्रारंभ विगत रविवार को भव्य शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ होकर चलता रहा जिसका बुधवार को विधि-विधान से समापन हुआ।

इस मौके पर 24 पालकियों में 24 भगवान को विराजमान कर पूरे नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। प्रातः 24 भगवान का अभिषेक, शांतिधारा और हवन का आयोजन किया गया। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रीजी की आरती की गई। इस आयोजन के पुण्यार्जक डॉ. बाबूलाल जैन, विकास कुमार, विजय कुमार रहे।

## आयोजन से धर्ममय हुआ पूरा नगर

ढोल-नगाड़ों और भगवान के जयकारों से पूरा नगर धर्ममय हो गया। बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्ग तक सभी भक्ति में लीन दिखे। 'नील गगन में एक सितारा, आचार्य श्री को नमन हमारा' और 'अहिंसा परमो धर्म की जय' के नारों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

## आठ दिन तक जारी रहे प्रवचन

बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया एवं संजय भैया के निर्देशन में विधान के दौरान प्रतिदिन पूजन-पाठ, धार्मिक क्रियाएं और प्रवचन आयोजित किए गए। प्रवचनों में आत्मकल्याण का मार्ग, धार्मिक शिक्षाएं और आचार्य विद्यासागर के जीवन प्रसंगों की जानकारी दी गई। सकल दिगंबर जैन समाज कटंगी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।